# सांई महाविद्यालय सेक्टर–6, भिलाई
## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई
## वार्षिक प्रतिवेदन
## सत्र 2021–22

सांई महाविद्यालय सेक्टर–6 भिलाई में सन् 2008 से राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई संचालित हो रही है। इस इकाई हेतु कुल 100 छात्र/छात्राओं की संख्या प्राप्त है। इस योजना में पंजीकृत स्वयंसेवकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है जिसमें सत्र 2021–22 में कुल 120 स्वयं सेवकों का पंजीयन किया गया। महाविद्यालय की डिप्टी डायरेक्टर श्रीमती ममता सिंह एवं प्राचार्य डॉ. डी.बी. तिवारी के संरक्षण में तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री विमल कुमार के निर्देशन में समाज सेवा के माध्यम से स्वयं सेवकों के व्यक्तित्व विकास के अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए गए।

प्राथमिकता– स्वच्छता, शिक्षा, रक्तदान, वृक्षारोपण एवं नशा मुक्ति आदि महत्वपूर्ण विषयों को ध्यान में रखते हुए ग्रामों में शिविर, नुक्कड़ नाट्य एवं विविध रैलियां आयोजित किए गए।

महाविद्यालय में इस योजना को संचालित करने का उद्देश्य समाज सेवा के माध्यम से स्वयं सेवकों का व्यक्तित्व विकास, स्वयं सेवकों में सामाजिक दायित्व का निर्वाह सामाजिक समस्याओं की पहचान करना और उनका समाधान करना। समाज सेवा के माध्यम से स्वयं सेवकों में नैतिक शिक्षा एवं नेतृत्व गुणों का विकास करना आदि।

सत्र 2021–22 में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्य –

1 5 जून 2021 को अंर्तराष्ट्रीय विश्व पर्यावरण दिवस पर प्राध्यापकों के द्वारा महाविद्यालय की आस–पास की सड़क नं. 69 से 71 तक के घरों में पौधे लगाने हेतु पौधे वितरित किए गए। कार्यक्रम में 10 प्राध्यापकों ने अपना सहयोग दिया।




2 21 जून 2021 को अंर्तराष्ट्रीय विश्व योग दिवस पर ऑनलाईन एवं ऑफलाईन माध्यम से एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। योग गुरू श्री अरूण कुमार पाण्डा जी के द्वारा प्राध्यापकों, स्वयंसेवकों एवं छात्र–छात्राओं को योग कराया गया एवं योग से होने वाले लाभ की जानकारी दी गई।कार्यक्रम में ऑफलाईन माध्यम से 10 स्वयंसेवक एवं ऑनलाईन माध्यम से ………ने अपनी सहभागिता दी।



3 7 अगस्त 2021 को स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अंर्तगत गाजर घास उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंर्तगत महाविद्यालय प्रांगण, गार्डन, लैब एवं लाईब्रेरी की सफाई की गई। छात्रों एवं प्राध्यापकों को ऑनलाईन माध्यम से स्वच्छता शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में ऑफलाईन माध्यम से 32 स्वयंसेवको ने अपनी सहभागिता दी।



4 15 अगस्त 2021 को स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्रांगण में ध्वजारोहण किया गया तथा स्वतंत्रता सैनानियों को याद करते हुए भाषण एवं देशभक्ति गीतों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ऑफलाईन माध्यम से 31 स्वयंसेवको ने अपनी सहभागिता दी।



5 5 सितंबर 2021 शिक्षक दिवस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय में 7 सितंबर 2021 को किया गया। शिक्षक दिवस पर स्वयंसेवकों के द्वारा शिक्षकों हेतु कुर्सी दौड़, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में ऑफलाईन माध्यम से 27 स्वयंसेवको ने अपनी सहभागिता दी।



6 14 सितंबर 2021 को महाविद्यालय में हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. राजेश कुमार दुबे प्राचार्य, उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा छात्रों को हिन्दी का महत्व बताया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय द्वारा प्राप्त 'बी' एवं 'सी' प्रमाणपत्र स्वयंसेवको को वितरित किए गए। कार्यक्रम में 44 स्वयंसेवको ने अपनी सहभागिता दी।




7 15 सितंबर 2021 पोषण माह (1 से 30 सितंबर) के अंर्तगत प्रथम कार्यक्रम नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रथम पुरूस्कार तुलेश्वर कुमार वर्मा, बी.एस.सी. अंतिम वर्ष , द्वितीय पुरूस्कार कु. एस. दीक्षिता एवं तृतीय स्थान कु. हितैषी खांडवे, बीबीए.–5 सांतवना पुरूस्कार लुमांशु बी. एस.सी.–2 को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में 24 स्वयंसेवको ने अपनी सहभागिता दी।




8 18 सितंबर 2021 को आजादी का अमृत महोत्सव, फिट इंडिया फ्रीडम रन 2.0 के अंर्तगत जिला मुख्यालय में स्वतंत्रता दौड़ का अयोजन किया गया। यह स्वतंत्रता दौड़ सरदार पटेल चौक से प्रारंभ होकर गांधी चौक होते हुए राजेन्द्र पार्क चौक दुर्ग में समाप्त हुई। कार्यक्रम में 11 महाविद्यालयों के स्वयंसेवकों ने अपनी सहभागिता दी। महाविद्यालय से कार्यक्रम अधिकारी सहित 21 स्वयंसेवकों ने अपनी सहभागिता दी।



9 23 सितंबर 2021 को पोषण जागरूकता माह के अंर्तगत साइंस विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वाधान में छत्तीसगढ़ी व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पौष्टिक व्यंजन प्रतियोगिता में छात्रों के द्वारा विविध प्रकार के व्यंजन घरों से तैयार कर प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में 23 छात्र/छात्राओं ने अपनी सहभागिता दी। प्रथम पुरूस्कार कु. अवंतिका, बीबीए–1(व्यंजन–फरा, खुर्मी, भाजी), कु. रंजनी श्रीवास, एम. एस.सी–3(व्यंजन– तिल गुझिया), द्वितीय पुरूस्कार कु. प्राची खापरे, बी.एस. सी.–3 (व्यंजन–बफौरी), कु. रत्ना, बी.एस.सी–3 (व्यंजन–पसहर चावल खीर) तृतीय पुरूस्कार कु. दीक्षिता, बी.एस. सी–3 (व्यंजन–दूध फरा) कु. सोनम, बीसीए–1 (व्यंजन–फरा नमकीन, प्याज बड़ा) को प्राप्त हुआ।




10 24 सितंबर 2021 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। प्राचार्य महोदय के द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा में मार्ल्यापण किया गया। इस अवसर पर छात्र/छात्राओं हेतु ''राष्ट्रीय सेवा योजना का युवाओं के व्यक्तित्व विकास पर प्रभाव'' विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई।हुआ। कार्यक्रम में 24 स्वयंसेवको ने अपनी सहभागिता दी। प्रथम पुरूस्कार कु. आंचल शर्मा, बीसीए–2 एवं द्वितीय पुरूस्कार कु. अमिषा तृतीय पुरूस्कार कु. दिशा बी.एस.सी.–2 को प्राप्त हुआ।




11 25 सितंबर 2021 राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं वाणिज्य विभाग द्वारा ''कुपोषण छेड़ पोषण की ओर–थामें क्षेत्रीय भोजन की डोर'' के अंर्तगत स्वयंसेवकों हेतु पोषण जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में 24 स्वयंसेवको ने अपनी सहभागिता दी।




12 18 अक्टूबर 2021 आजादी के अमृत महोत्सव के अंर्तगत राष्ट्रीय सेवा योजना जिला दुर्ग एवं नेहरू युवा केन्द्र दुर्ग के संयुक्त तत्वाधान में स्वच्छ भारत अभियान का आयोजन सिविक सेंटर में किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय से 15 स्वयंसेवको ने अपनी सहभागिता दी।



13 30 अक्टूबर 2021 स्वीप कार्यक्रम के अंर्तगत छात्र/छात्राओं हेतु वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय ''इस सदन की राय में निर्वाचन प्रक्रिया में महिलाओं की स्वतंत्र, सक्रिय एवं समान भागीदारी लैंगिक समानता को स्थापित करने में सहायक सिद्ध होगी'' ।हुआ। कार्यक्रम में 14 छात्र/छात्राओं ने अपनी सहभागिता दी। प्रथम पुरूस्कार कु. रिया कश्यप, डीसीए–1, द्वितीय पुरूस्कार आशुतोष उपाध्याय बी.कॉम.–3 को प्राप्त हुआ।



14 30 अक्टूबर 2021 सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती (31 अक्टूबर–एकता दिवस) पर सरदार वल्लभभाई पटेल एवं महात्मा गांधीजी की जीवनी पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के माध्यम से सरदार वल्लभभाई पटेल एवं महात्मा गांधीजी के आदर्शों से छात्रों को रूबरू कराने के उद्देश्य से आयोजित की गई। कार्यक्रम में 72 स्वयंसेवको ने अपनी सहभागिता दी।




15 30 अक्टूबर 2021 को महाविद्यालय में प्रदूषण मुक्त दिवाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदूषण मुक्त दिवाली रैली का आयोजन किया गया। यह रैली महाविद्यालय के आस–पास की सड़कों में आयोजित की गई। कार्यक्रम में 73 स्वयंसेवको ने अपनी सहभागिता दी।




16 1 दिसंबर 2021 विश्व एड्स जागरूकता दिवस पर स्वयं सेवकों के द्वारा एड्स जागरूकता विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्रों एवं प्राध्यापकों के द्वारा अपने आस–पास के लोगों को एड्स के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रेड रिबन लगाकर संकल्पित हुए। कार्यक्रम में 51 स्वयंसेवको ने अपनी सहभागिता दी। प्रथम पुरूस्कार कु. हितैषी, बीबीए.–5 द्वितीय पुरूस्कार कु. रंजनी, एम.एस.सी.–3, कु. भामा लोधी, एम.एस.सी.–1 को प्राप्त हुआ।




17 30 नवंबर 2021 को स्वीप कार्यक्रम के अंर्तगत छात्रों को वोटर हेल्प ऐप की जानकारी दी गई एवं ऐप को किस प्रकार से उपयोग किया जाए एवं ऐप के माध्यम से अपनी जानकारी में विविध प्रकार के सुधार कर सकते हैं। छात्र/छात्राओं के मध्य ऐप के प्रचार प्रसार हेतु कु. रंजनी स्वीप ऐम्बेसडर एवं 24 स्वयंसेवकों ने अपनी सहभागिता दी।




18 15 दिसंबर 2021 को कोविड–19 टीकाकरण नगर निगम भिलाई, जिला स्वास्थ्य समिति, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जिला दुर्ग के द्वारा टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन ई–मार्केट के समीप दुर्गा मंच में आयोजित किया गया। टीकाकरण कार्यक्रम में 23 स्वयंसेवकों ने अपनी सहभागिता दी।



19 16 दिसंबर 2021 को स्वयं सेवकों के द्वारा ब्लू ब्रिगेड कार्यक्रम के अंतर्गत भिलाई नगर रेल्वे स्टेशन बस्ती में लोगों को कोविड टीकाकरण एवं पोषण आहार संबंधी जानकारी दी गई। कार्यक्रम का नेतृत्व वरीष्ठ स्वयं सेविका कु. भामा लोधी, एम.एस.सी.(कम्प्यूटर साइंस) के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में 26 स्वयंसेवको ने अपनी सहभागिता दी।




20 17 दिसंबर 2021 को प्राचार्य के द्वारा स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवकों, छात्र/छात्राओं एवं प्राध्यापकों को मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में 99 लागों के द्वारा शपथ लिया गया।




21 27 दिसंबर 2021 को गोद ग्राम हनोदा में स्वयं सेवकों के द्वारा पोषण आहार, स्वच्छता एवं कोविड टीकाकरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयसेवकों के द्वारा घर–घर जाकर लोगों को पोषण आहार संबंधी जानकारी दी गई। ग्राम के चौराहे पर पोषण आहार एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम पर नुक्कड़ नाट्य प्रस्तुत किया गया। पोषण आहार, स्वच्छता एवं कोविड–19 टीकाकरण के विषयों को लेते हुए रैली निकाली गई। रैली में स्वयंसेवकों के साथ–साथ ग्राम सरपंच एवं ग्रामवासी भी शामिल हुए। कार्यक्रम में 25 स्वयंसेवको ने अपनी सहभागिता दी।




22 12 जनवरी 2022 को महाविद्यालय प्रांगण में स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री डी.के. भारती कार्यपालन अभियंता सीएसपीडीसीएल के द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा में माल्यार्पण किया गया एवं स्वयंसेवकों को उठो जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रूको की भावना को सिद्ध करने का संकल्प दिलाया गया।कार्यक्रम में 13 स्वयंसेवको ने अपनी सहभागिता दी।




23 19 जनवरी 2022 को महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य के सहयोग से आयोजित द्वितीय वैक्सीनेशन ड्राईव में 9 स्वयंसेवकों ने अपना सहयोग प्रदान किया।



24 2 फरवरी 2022 कों सपथ फाउन्डेशन भिलाई के साथ मिल करसेक्टर 5 शहीद पार्क में थैन्क्यू भिलाई कार्यक्रम का आयोजनकिया गया। कार्यक्रम में 20 स्वयंसेवको ने अपनी सहभागिता दी।

